# बिल आ रहा पानी नहीं

## 4 माह से पाइपलाइन टूटी, बीरगढ़-कुही में एक किमी दूर से पानी ढो रहे ग्रामीण

**तहसीलदार ने ठेकेदार को थमाया नोटिस**

**नवभारत न्यूज**
**छतरपुर,** 6 मई. भीषण गर्मी के बीच बकस्वाहा जनपद के ग्राम बीरगढ़ और कुही में जल संकट ने विकराल रूप ले लिया है. यहां विकास के दावों की 'पाइपलाइन' पिछले चार महीनों से टूटी पड़ी है. आलम यह है कि गाँव की मासूम बेटियों को स्कूल का बस्ता छोड़कर सिर पर मटके उठाने पड़ रहे हैं. ग्रामीणों की प्यास और प्रशासन की सुस्ती के बीच अब लोगों का सब्र जवाब देने लगा है.

### विकास का ढांचा खड़ा, पर कंठ सूखे

विडंबना देखिए कि दोनों गाँवों में पानी की टंकी बनी है और घर-घर नल-जल योजना के तहत पाइपलाइन भी बिछी है. लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि पाइप टूटने के कारण महीनों से नलों में एक बूंद पानी नहीं टपका. पीने के पानी के लिए महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को तपती धूप में एक किलोमीटर दूर भटकना पड़ रहा है.



### 10 साल की नम्रता का दर्द पढ़ाई या पानी?

गाँव की 10 वर्षीय छात्रा नम्रता प्रजापति ने जिला कलेक्टर से भावुक अपील की है. उसने बताया कि पानी के इंतजाम में इतना समय बीत जाता है कि वह स्कूल नहीं जा पाती. वहीं ग्रामीण जितेंद्र नामदेव ने सिस्टम पर सवाल उठाते हुए कहा कि 'एक तरफ नलों में पानी नहीं आ रहा, दूसरी तरफ विभाग हर महीने बिल भेजने में कोई कोताही नहीं बरत रहा.' इस दोहरी मार से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है.

**एक्शन में प्रशासन**

मामला गर्म होने के बाद तहसीलदार भरत पांडे ने संज्ञान लिया है. उन्होंने जल निगम के ब्लॉक प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए ठेकेदार को तत्काल पाइपलाइन सुधारने के निर्देश दिए हैं. तहसीलदार ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय में जल आपूर्ति बहाल नहीं हुई, तो संबंधितों पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी.



## वार्ड 6 से युवक लापता पुलिस तलाश में जुटी

**छतरपुर, 6 मई.** जिले के बिजावर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 6 से एक युवक के लापता होने का मामला सामने आया है. जानकारी के अनुसार, समीर सौदागर 1 मई 2026 से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हैं. परिजनों ने काफी तलाश के बाद जब उनका कोई पता नहीं चला, तो पिता नसीर सौदागर ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई. परिजनों ने थाने पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस से युवक को जल्द खोजने की मांग की. परिजनों का कहना है कि समीर बिना बताए घर से कहीं चले गए और तब से उनका कोई संपर्क नहीं हो पाया है, जिससे परिवार काफी चिंतित है. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आसपास के क्षेत्रों में तलाश शुरू कर दी है. साथ ही युवक की जानकारी जुटाने के लिए संभावित स्थानों पर पूछताछ भी की जा रही है.



# कलेक्टर ने दी सख्त चेतावनी

## खरीदी केंद्रों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**नवभारत न्यूज**
**छतरपुर, 6 मई. जिले में गेहूं खरीदी व्यवस्था को लेकर कलेक्टर पार्थ जैसवाल सख्त नजर आए. बुधवार को घुवारा अंतर्गत पनवारी उपार्जन केंद्र के निरीक्षण के दौरान बारदाने की कमी और मौके पर खरीदी बंद मिलने पर उन्होंने जिला विपणन अधिकारी ( डीएमओ ) को 2 घंटे के भीतर बारदाना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए.**

कलेक्टर ने किसानों को समय पर तौल पर्ची देने और स्लॉट के अनुसार ही गेहूं की तुलाई सुनिश्चित करने को कहा. साथ ही स्पष्ट निर्देश दिए कि मय बोरी कुल वजन 50 किलो 200 ग्राम ही लिया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो.

**समिति प्रबंधक दरवारी लाल अहिरवार की एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश**

निरीक्षण के दौरान मॉइश्चयर मीटर नहीं मिलने और एफएक्यू मानकों का पालन नहीं करने पर कलेक्टर ने सर्वेयर राकेश राजपूत को तत्काल हटाने के निर्देश दिए. वहीं समिति प्रबंधक दरवारी लाल अहिरवार की एक वेतन वृद्धि (इंक्रीमेंट) रोकने की कार्रवाई भी की गई.

कलेक्टर ने साफ कहा कि खरीदी केंद्रों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और किसानों के हितों से समझौता नहीं होगा. इस दौरान एसडीएम बड़ामलहरा अखिल राठौर और तहसीलदार आदित्य सोनकिया भी मौजूद रहे.

**एक नजर में**



### करणी सेना का एसपी ऑफिस के बाहर प्रदर्शन

**छतरपुर.** छतरपुर नगर क्षेत्र के सरानी गांव में सुरेंद्र सिंह की संदिग्ध मौत के बाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है. घटना को लेकर करणी सेना ने बुधवार दोपहर करीब 3 बजे एसपी ऑफिस के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया और निष्पक्ष जांच की मांग उठाई. प्रदर्शन के दौरान करणी सेना के पदाधिकारियों ने मामले में गंभीर आरोप लगाए और कहा कि मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है, इसलिए इसकी गहन जांच जरूरी है. संगठन की मौजूदगी में मृतक के परिजनों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं, ताकि पूरे घटनाक्रम की सच्चाई सामने आ सके. पुलिस प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा है कि मामले की निष्पक्ष और गंभीरता से जांच की जाएगी. वहीं, करणी सेना ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा.



### टाइमिंग में गड़बड़ी से 7 विद्यार्थी परीक्षा से वंचित

**छतरपुर.** जिले के लवकुशनगर स्थित शासकीय महाविद्यालय में बीकॉम सेकेंड ईयर की परीक्षा के दौरान बड़ी लापरवाही सामने आई है. समय सारणी में गड़बड़ी के कारण 7 विद्यार्थी परीक्षा देने से वंचित रह गए, जिससे छात्रों में आक्रोश फैल गया है. जानकारी के अनुसार, परीक्षा का निर्धारित समय सामान्य रूप से सुबह 9 बजे से 11 बजे तक था, लेकिन संबंधित विषय की टाइमिंग दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक दर्शाई गई थी. कॉलेज और विश्वविद्यालय की अलग-अलग समय सारणी के चलते छात्रों के बीच भ्रम की स्थिति बन गई. कुछ छात्र सुबह तय समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचे, जबकि अन्य छात्र दोपहर के समय पहुंचे, जिससे वे परीक्षा में शामिल नहीं हो सके. बुधवार दोपहर 12 बजे छात्रों ने कॉलेज प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए विरोध जताया. उनका कहना है कि यह पूरी तरह से प्रशासनिक लापरवाही है, जिसकी वजह से उनका एक साल बर्बाद होने की स्थिति बन गई है. छात्रों ने मांग की है कि उन्हें पुन: परीक्षा देने का अवसर दिया जाए.

# हरपालपुर में साड़ी दुकान से 15,300 रुपये चोरी

■ वारदात सीसीटीवी में रिकॉर्ड ■ आरोपी की तलाश जारी ■ बढ़ती चोरी से व्यापारियों में डर ■ सुरक्षा बढ़ाने की मांग

**नवभारत न्यूज**
**छतरपुर, 6 मई. जिले के हरपालपुर नगर में एक साड़ी की दुकान से 15 हजार 300 रुपये चोरी होने का मामला सामने आया है. अज्ञात युवक ने दुकान में घुसकर गल्ले से नकदी पार कर दी. पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस जांच में जुटी है.**

जानकारी के अनुसार, पुरानी गल्ला मंडी निवासी राजीव रूसिया अपने घर में ही साड़ी की दुकान चलाते हैं. सुबह करीब 9:30 बजे वे कुछ समय के लिए दुकान छोड़कर घर के अंदर चले गए थे. इसी दौरान एक अज्ञात युवक मौके का फायदा उठाकर दुकान में घुस गया.

सीसीटीवी फुटेज में आरोपी पहले आसपास नजर दौड़ाते हुए दिखाई देता है. द्वह्यद्धकिसी के मौजूद न होने पर वह सीधे गल्ले के पास पहुंचता है और ताला खुला देखकर उसमें रखे 15 हजार 300 रुपए निकालकर फरार हो जाता है. कुछ देर बाद जब दुकानदार वापस लौटे तो नकदी गायब मिली, जिसके बाद उन्होंने फुटेज खंगाले और घटना का पता चला.

> स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि क्षेत्र में चोरी और लूट की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं. कुछ महीने पहले सर्राफा दुकान में हुई बड़ी लूट का भी अब तक खुलासा नहीं हो सका है, जिससे व्यापारियों में भय का माहौल है. उन्होंने प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और गश्त बढ़ाने की मांग की है.

घटना के बाद पीड़ित दुकानदार अन्य व्यापारियों के साथ हरपालपुर थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है.



## तार चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**इछावर 6 मई.** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा दिवड़िया वितरण केंद्र में बिजली पोल गिराकर बुनियादी संरचना को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुँचाने और तार चोरी करने वाले अज्ञात असामाजिक तत्वों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है. गौरतलब है कि 04 मई की रात्रि को 33/11 केव्ही सतपिपलिया उपकेंद्र से निकलने वाली 11 केव्ही रतनपुर डीएलएफ लाइन पर ग्राम रामनगर से मोलगा के बीच असामाजिक तत्वों द्वारा 18 खंभों को क्षतिग्रस्त कर लगभग 5 किलोमीटर लंबी 11 केव्ही लाइन के तार चोरी कर ले गए. जिसके कारण ग्राम हालियाखेड़ी और मोलगा की विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो गई है.

# नवागत एसपी सकलेचा ने संभाला कार्यभार

## कहा- पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेंगे

**नवभारत न्यूज**
**छतरपुर, 6 मई. जिले में नवागत पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने पदभार ग्रहण कर लिया है. कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने एसपी कार्यालय का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया.**

**कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना प्राथमिकता**

निरीक्षण के पश्चात उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं भी स्पष्ट कीं. एसपी ने कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी. इसके साथ ही अपराधों पर नियंत्रण, अवैध गतिविधियों पर सख्ती और आमजन की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा.



उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे आम जनता के साथ संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ व्यवहार करें. साथ ही लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने पर भी जोर दिया. नवागत एसपी ने यह भी कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा, जिससे लोगों का भरोसा और मजबूत हो सके.

# रेलवे स्टेशन को जंक्शन बनाने की मांग

**नवभारत न्यूज**
**हरपालपुर, 6 मई.** ब्रिटिश हुकूमत के समय का बना हरपालपुर रेलवे स्टेशन जिले का इकलौता सबसे पुराना स्टेशन है यहां से चारों दिशाओं की यात्रा सुगमता से की जा सकती है. नागरिकों ने इस रेलवे स्टेशन को जंक्शन बनाने की मांग उठाई है.

विदित हो महोबा बनाये गए जंक्शन के पूर्व हरपालपुर को जंक्शन बनाया जाना प्रस्तावित था जिसका सर्वे कार्य भी पूर्ण करा लिया गया था, पर हरपालपुर का विकास होते देखना कुछ राजनेताओं को रास नहीं आया. इसके चलते हरपालपुर से खजुराहो के बीच बनने वाले जंक्शन को कैंसिल कराकर महोबा से खजुराहो स्वीकृत करा लिए जाने से हरपालपुर रेलवे जंक्शन बनते- बनते रह गया. नगर के महेश राय, लोकेंद्र सिंह, संतोष दीक्षित, विनोद वर्मा, मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह, योगेन्द्र सिंह, राजेन्द्र बैसाखियां, कौशल तिवारी, चुन्नी लाल सहित सैकड़ों नागरिकों ने हरपालपुर से राठ- हमीरपुर उरई, कानपुर के लिए हरपालपुर से रेलवे ट्रैक डाले जाने एवं नौगांव - मऊसहानियां, छतरपुर, बड़ामलहरा सागर को शामिल कर रेलवे लाइन का विस्तार किए जाने




टीकमगढ़ सांसद वीरेन्द्र कुमार द्वारा रेलवे विस्तारीकरण के संबंध में पिछले दिनों संसद में उठाए गए प्रश्न पर आभार व्यक्त कर किया है.

> इस संबंध में शीघ्र ही नौगांव- हरपालपुर का एक प्रतिनिधि मंडल रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को ज्ञापन सौंपकर हरपालपुर को जंक्शन बनाए जाने तथा केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार, झांसी डीआरएम से नौगांव हरपालपुर से रेल मार्ग का सर्वे कराया जाकर नौगांव छावनी रेलवे स्टेशन, बड़ागांव मऊसहानियां, छतरपुर बड़ामलहरा, बंडा, सागर, विदिशा भोपाल रेल मार्ग को जोड़कर हरपालपुर को जंक्शन बनाकर वाया- राठ उरई हमीरपुर कानपुर लाइन से जोड़े जाने की पुरजोर रूप से मांग उठाई है.

**धर्म** | बद्रीनाथ की वादियों में करेंगे कठिन तप, विदाई में उमड़ा जनसैलाब

# 21 दिनों के एकांतवास पर निकले बागेश्वर सरकार

**नवभारत न्यूज**
**छतरपुर, 6 मई.** सनातन धर्म के प्रखर प्रचारक और बागेश्वर धाम के पीठाधीश पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अपनी 21 दिवसीय विशेष आध्यात्मिक साधना के लिए उत्तराखंड स्थित बद्रीनाथ धाम के लिए रवाना हो गए हैं. धीरेंद्र शास्त्री के प्रस्थान के समय धाम में श्रद्धा और भावुकता का ऐसा अद्भुत नजारा दिखा कि वहां मौजूद हजारों भक्तों की आंखें नम हो गईं.

**माता और बालाजी का आशीर्वाद लेकर शुरू किया सफर-** साधना की कठिन डगर पर निकलने से पहले धीरेंद्र शास्त्री ने दोपहर 1:30 बजे भगवान बालाजी सरकार के चरणों में मत्था टेका और सन्यासी बाबा से आज्ञा ली. इसके पश्चात, अपनी माता जी का आशीर्वाद लेकर वे गंतव्य की ओर बढ़े. विशेष बात यह रही कि मंदिर से माता जी के निवास तक धीरेंद्र शास्त्री पैदल ही चले, जहां रास्ते भर भक्तों ने उन पर फूलों की वर्षा की और आरती उतारकर उनकी साधना की सफलता की कामना की.



**6 मई से 26 मई तक पूर्ण एकांत और गहन तप**

धाम के सेवादार ऋषि शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि धीरेंद्र शास्त्री 6 मई से 26 मई तक पूर्णत: एकांतवास में रहेंगे. इस 21 दिवसीय अवधि के दौरान वे बाहरी दुनिया से पूरी तरह कटकर गहन आध्यात्मिक तप करेंगे. 26 मई को साधना पूर्ण होने के बाद, वे 30 मई तक बद्रीनाथ धाम में ही भक्तों को अपनी अमृतवाणी से दिव्य कथा का श्रवण कराएंगे.

### जनकल्याण के लिए 'महासंकल्प'

जैसे ही धीरेंद्र शास्त्री का काफिला रवाना हुआ, धाम 'जय श्री राम' और 'बागेश्वर सरकार की जय' के जयकारों से गूंज उठा. शिष्यों और भक्तों का मानना है कि धीरेंद्र शास्त्री की यह साधना केवल व्यक्तिगत सिद्धि के लिए नहीं, बल्कि विश्व कल्याण और सनातन धर्म की मजबूती के लिए एक महासंकल्प है.

# शादी के दिन दूल्हे को भेजा आपत्तिजनक वीडियो

**नवभारत न्यूज**
**छतरपुर, 6 मई.** जिले के महाराजपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र में एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक युवती का अश्लील वीडियो वायरल होने के बाद उसकी शादी टूट गई. जानकारी के अनुसार, आरोपी द्वारा युवती का आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया, जिससे युवती और उसके परिवार को सामाजिक और मानसिक रूप से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा.

बताया जा रहा है कि इस घटना के चलते तय शादी भी टूट गई, जिससे पीड़िता को गहरा आघात पहुंचा है. मामले को लेकर युवती ने गढ़ीमलहरा थाने में शिकायत दर्ज कराई है. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है जिसकी जानकारी एडिशनल एसपी ने बुधवार की दोपहर 3:30 बजे दी. पुलिस ने कहा है कि आरोपी की पहचान कर ली गई है और उसकी तलाश जारी है. साथ ही, मामले की गंभीरता को देखते हुए कानूनी कार्रवाई की जा रही है. पुलिस ने लोगों से अपील की है कि ऐसे संवेदनशील मामलों में किसी भी प्रकार की अफवाह या वीडियो को साझा न करें.

**युवती ने आरोपी पर लगाया ब्लैकमेल का आरोप, शादी टूटी**